## वित्तीय बिड

| क्र. | मार्ग का नाम एवं दुग्ध वितरण की व्यंवस्था | इंस्युलेटेड वाहन से दूध एवं दुग्ध पदार्थ परिवहन करने की दर/किमी. | |
|---|---|---|---|
| | | परिवहन दरें (अंको में) | परिवहन दरें (शब्दों में) |
| 1. | डेयरी संयंत्र, जबलपुर से शहडोल मार्ग में दूध एवं दुग्ध पदार्थ परिवहन एवं केटें वापिसी दर रू./किमी. (आना–जाना) | | |
| 2. | शहडोल शहर वितरक सह परिवहनकर्त्ता दर रू./लीटर | | |
| 3. | शहडोल से अनूपपुर शहर मार्ग वितरक सह परिवहनकर्त्ता दरें रू./लीटर | | |

नोटः—निविदाकार को परिवहन दर प्रस्तुत करते समय यह ध्यान रखना होगा कि अंग्रेजी के अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट वर्णित करनी होगी। दरों में किसी प्रकार की ओवर राईटिंग/काटपीट न करें। यदि अंको एवं शब्दों में प्रस्तुत दरों में भिन्नता पाई जाती है तो शब्दों में प्रस्तुत दरों को मान्य किया जाऐगा।
निविदाकार को केवल परिवहन दर प्रस्तुत करनी है।
केवल वितरक सह परिवहनकर्त्ता कार्य हेतु प्रचलित वितरक मार्जिन 50 पैसे प्रतिलीटर अतिरिक्त देय होगां (संसथा प्रदायगी पर केवल स्वीकृत परिवहन दरें ही देय होगी)

हस्ताक्षर

निविदाकार का नाम ——————————

(ब) विभिन्न विक्रय केन्द्रों पर प्रतिदिन निर्धारित सामग्री परिवहनकर्ता को चालान में दर्शायी गई मात्रा के अनुसार उतारना होगा एवं त्रुटि पाये जाने की समस्त जिम्मेदारी परिवहनकर्ता की होगी एवं इसी प्रकार वापिस (रिटर्न) आने वाली सामग्री भी पूर्ण रूप से डेयरी के अधिकृत वितरक/सह परिवहनकर्त्ता/संस्था, केन्द्रों से एकत्रित कर पूर्ण रूप से डेयरी प्लांट में वापस करनी होगी। यदि किसी प्रकार की कमी पाई गई तो वस्तु की कीमत की कुल रकम परिवहनकर्ता से वसूल की जावेगी ।

5. ठेकेदार वाहन के साथ चलने वाले चालक तथा नियुक्त कर्मचारियों के नाम तथा फोटो सहित प्रस्तुत करेंगे। ठेकेदार या ठेकेदार द्वारा अधिकृत परिचालक, वाहन चालक, संघ के वितरण स्थल पर वितरण मेनशीट में वाहन के आने के समय हस्ताक्षर करेगा। वितरण होने वाले दुग्ध के परिवहन के दौरान गाडी बिगड जाने की स्थिति में ठेकेदार का यह दायित्व होगा कि वह दूसरी गाडी भेजकर या दूसरा इंतजाम करके समय पर कार्य संपन्न करें अन्यथा समय पर दुग्ध वितरण न होने से कोई भी हानि होती है तो वह ठेकेदार का पूर्ण दायित्व होगा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दण्ड दिया जा सकता है। एक से अधिक बार इस प्रकार की घटना होने पर निविदा निरस्त करके ठेकेदार की जमा प्रतिभूति की राशि राजसात कर लिया जावेगा।

6. वाहन की खराबी अथवा ठेकेदार पक्ष की ओर से किसी प्रकार से वाहन के विलम्ब होने या दुर्घटना होने आदि की परिस्थिति में दुग्ध खराब होने पर या टूट–फूट होने पर जो मूल्यांकित हानि होगी, उसका संपूर्ण दायित्व ठेकेदार का होगा ।

7. ठेकेदार हर पखवाडे में एक दिन कार्यालय आकर उनके देयक से काटी जाने वाली राशि के संबंध में समाधान कर लें अन्यथा नियमानुसार राशि देयक से काट ली जावेगी जो ठेकदार को मान्य होगी।

8. यह अनुबंध **तीन वर्षो** के लिये प्रभावशील रहेगा। दुग्ध संघ द्वारा परिवहनकर्त्ता का कार्य तीन वर्ष की अवधि में संतोषप्रद पाये जाने पर अनुबंध की समान शर्तो एवं निर्धारित दर पर कार्य अवधि एक–एक वर्ष कर अधिकतम **दो वर्षो** हेतु बढ़ाई जा सकेगी।

9. ठेकेदार/वाहन चालक, ठेकेदार के कर्मचारी वापसी में सभी केटस/केन लायेंगे एवं दुग्ध चालान की प्रविष्ठियों में किसी प्रकार की काटा–पीटी नहीं करेंगे। न ही दूध की मात्रा स्वेच्छा से घटायेंगे/बढायेंगे। दुग्ध विक्रेता की मांग की मात्रा से अधिक प्रदान होने पर वापसी की पूरी दूध की रकम ठेकेदार से वसूल की जावेगी।

10. दुग्ध वितरण केन्द्र पर भेजे गये दुग्ध को ठेकेदार या उसके कर्मचारी किसी भी प्रकार से विक्रय नहीं करेंगे, ऐसा पाया गया तो विक्रय की गई दूध की कीमत से दुगना कीमत वसूल की जावेगी।

11. यह कि ठेकेदार या ठेकेदार द्वारा नियुक्त कर्मचारी आदि वितरण किये जाने वाले दूध की मात्रा स्तर से किसी प्रकार की गडबडी करेगा तो उसकी जवाबदारी ठेकेदार की होगी तथा किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर दुग्ध संघ के अधिकारी मौके पर जाँच करेंगे तथा यदि प्रथम दृष्ट्या दूध, दुग्ध संघ की प्रयोगशाला के परीक्षण में अपमिश्रित पाया जाता है तो तुरन्त निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर डेयरी का होगा एवं प्रतिभूति राशि भी जप्त कर ली जावेगी।

12. परिवहनकर्ता के कर्मचारी यदि वितरित किये जाने वाले दूध की रिटर्न (प्रयोगशाला) परीक्षण में जाँच की प्रथम दृष्टि में अपमिश्रण की पुष्टि की पुनरावृत्ति करने पर उक्त परिवहनकर्ता का अनुबंध निरस्त करके प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

13. परिवहनकर्ता एवं परिवहनकर्ता द्वारा नियुक्त कर्मचारी कार्यालय में किसी प्रकार संघ के अधिकारी/कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ऐसे अधिकारी/कर्मचारी की शिकायत करने पर कर्मचारी को तुरन्त हटा देना होगा।

परिवहनकर्ता द्वारा कार्यालय के किसी भी कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करने पर उनका अनुबंध तुरन्त निरस्त कर उनका नाम ब्लैक लिस्ट में डाला जावेगा।

14. जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ के सुरक्षा गार्ड द्वारा जाँच करने की दशा में परिवहनकर्ता के अटेन्डेंट दुग्ध के क्रेट उठाकर निरीक्षण को संपन्न करवायेगा। सुरक्षा गार्ड के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया जावेगा व उसके पूर्ण जाँच किये जाने में सहयोग करेंगे। शंका की स्थिति में संतोषप्रद जाँच पडताल होने के पश्चात् ही दुग्ध वितरण वाहन डेयरी से बाहर जाने दिया जावेगा।

15. अधिकृत वाहन चालक एवं अटेन्डेन्ट के अतिरिक्त किसी बाहरी व्यक्ति को गाडी के साथ नहीं लाया जावेगा। यदि एक से अधिक व्यक्ति गाडी में पाये गये तो परिहवनकर्ता से रूपये 25/- (रूपये पच्चीस मात्र) प्रति व्यक्ति दर से वसूल करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। विशेष परिस्थियों में यदि वाहन निर्धारित समय से 15 मिनिट तक अवधि में विलम्ब से आता है तो उसकी छूट दी जावेगी तत्पश्चात् अन्य वाहन की व्यवस्था में जो वास्तविक देय होगा या ठेके के अनुसार दिया जाने वाला किराया होगा उसका दुगना (जो भी अधिक देय हो) परिवहनकर्ता से वसूल किया जावेगा। जितने दिन परिवहनकर्ता दुग्ध वितरण के लिये अपना वाहन नहीं भेजेंगे, उपरोक्तानुसार ही प्रतिदिन के हिसाब से वसूली की जावेगी। इसके अतिरिक्त वाहन की व्यवस्था के लिये रूपये 200/- (रू. दो सौ मात्र) पृथक से वसूल किया जावेगा ।

16. दुग्ध वितरण के पश्चात् रिटर्न लेकर निर्धारित समय में डेयरी में आना अनिवार्य है। विशेष परिस्थिति में वाहन यदि 15 मिनिट की अवधि में विलम्ब से आता है तो छूट दी जावेगी। तत्पश्चात् रू. 100/- प्रति घंटा विलम्ब से आने के लिये पेनाल्टी के रूप में बिल से कटौत्रा किया जावेगा।

17. यदि परिवहनकर्ता का वाहन खराब हो जाता है तो उप महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक या प्रबंधक (विपणन) की लिखित अनुमति से अस्थाई रूप से वह दूसरी वाहन की व्यवस्था करेगा। जिसकी अधिकतम अवधि पन्द्रह (15) दिन की रहेगी। तत्पश्चात् स्वयं का वाहन कार्य पर लगाना होगा। ऐसा न करने पर अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर दुग्ध संघ का होगा।

18. परिवहनकर्ता का वाहन खराब होने पर जो अस्थाई व्यवस्था परिवहनकर्ता करेगा उसकी संपूर्ण जानकारी कार्यालय को देनी होगी।

19. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर, डेयरी जबलपुर अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि की अनुमति के बिना परिवहनकर्ता दुग्ध या दुग्ध पदार्थ से भरी क्रेटों के साथ किसी बाहरी व्यक्तियों का या अन्य सामान का परिवहन नहीं करेगा।

20. देयकों का भुगतान माह में दो बार किया जावेगा, परिवहनकर्ता को नियमित रूप से प्रत्येक माह की 5 तारीख तक एवं 18 तारीख तक देयक संघ में जमा कराना होगा जिसका भुगतान संघ द्वारा प्रत्येक माह की 15 तारीख या 30 तारीख तक ----------के माध्यम से किया जावेगा।

21. वाहन चालक व अंटेन्डेन्ट द्वारा शीतकक्ष से दुग्ध के क्रेट मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी के निर्देशानुसार निकालेगा। अभद्र व्यवहार करने या आदेशों की अवहेलना करने पर प्रबंधक (प्लांट ऑपरेशन) द्वारा शिकायत करने पर दोषी कर्मचारी को परिवहनकर्ता तुरन्त बदल देगा।

22. अनुबंध की शर्ते एवं अवधि दिनांक ------- से तक की अवधि -------- के लिये प्रभावशाली रहेगी। अनुबंध की शर्तो की अवहेलना करना एवं संतोषप्रद काम नहीं होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ, जबलपुर बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकेगें एवं अनुबंध समाप्त किये जाने पर परिवहनकर्ता ऐसी संभावित के कारण कोई क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा ।

परिशिष्ट क्र.14 (अ)

# जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर

| क. | मार्ग का नाम | वाहन क्षमता | मार्ग की दूरी (आना–जाना) | औसत दुग्ध विक्रय (प्रतिदिन) | सुरक्षा निधि /रू. |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | जबलपुर दुग्ध संघ के अन्तर्गत शहडोल एवं अनूपपुर | | | | |
| 1. | शहडोल शहर मार्ग | महिन्द्रा पिकअप या समकक्ष (तापरोधी) क्षमता (1.5 टन) | 50 | 1500 | 200,000/– (दो लाख रूपये) |
| 2. | अनूपपुर शहर मार्ग | महिन्द्रा पिकअप या समकक्ष (तापरोधी) क्षमता (1.5 टन) | 210 | 1500 | 2,00,000/– (दो लाख रूपये) |

**नोट:** दूध एवं दुग्ध उत्पाद की मांग बढ़ने पर वाहन उपलब्ध कराना होगा। जिस पर किसी प्रकार का अतिरिक्त व्यय दुग्ध संघ द्वारा प्रदान नहीं किया जावेगा।

# जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर

पंजीकृत कार्यालय, करौंदा, इमलिया, कटनी रोड, जबलपुर
कस्टमर केयर नंबर-9406900500
Email- jabalpur.Sanchi@gmail.com


क्र. 1722/जेएसडीएस/विप.-110/02/2022 जबलपुर दिनांक 06.05.2022

## जबलपुर संयंत्र से शहडोल मार्ग हेतु परिवहनकर्ता एवं स्थानीय शहडोल शहर व शहडोल से अनूपपुर शहर मार्ग हेतु वितरक सह परिवहनकर्ता कार्य हेतु द्वितीय ई-निविदा सूचना

जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर संयंत्र से शहडोल मार्ग हेतु जबलपुर से शहडोल तक साँची ब्राण्ड के दूध एवं दुग्ध पदार्थ परिवहनकर्ता कार्य एवं स्थानीय शहडोल शहर व शहडोल से अनूपपुर शहर मार्ग हेतु सांची दूध एवं दुग्ध पदार्थ वितरक सह परिवहनकर्ता कार्य हेतु इंस्युलेटेड वाहन द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिये नियुक्ति हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाईन वेबसाईट mptenders.gov.in से रू. 1000/- भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं जो दिनांक 09.05.2022 को दोपहर 1:00 बजे से दिनांक 23.05.2022 दोपहर 1:00 बजे तक ऑनलाईन भर सकते हैं। निविदा के लिये निर्धारित ई.एम.डी. राशि रू. 20000/- (बीस हजार रूपये मात्र) प्रति मार्ग/शहर के मान से ऑनलाईन ही जमा करनी होगी।

निविदा संबंधी शर्तें एवं विस्तृत विवरण का अवलोकन वेबसाईट www.sanchidairy.com पर किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र में यदि कोई सुधार/संशोधन होता है तो सिर्फ उपरोक्त दर्शायी गई वेबसाईट पर ही अपलोड किया जावेगा, अन्य और कोई भी माध्यम से प्रकाशित नहीं होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के पास सुरक्षित रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

[redacted]

पत्रिका दिनांक 07/05/2022